CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 307 ▫ रायपुर, मंगलवार 2 दिसम्बर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## संसद में एसआईआर पर हंगामा जारी भाजपा बोली– ये बिहार हार का विलाप



**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। संसद के शीतकालीन सत्र का आज दूसरा दिन है। लोकसभा में शीत सत्र का पहला दिन एसआईआर के मुद्दे पर हंगामे की भेंट चढ़ गया था। दूसरे दिन भी विपक्ष की नारेबाजी और विरोध प्रदर्शन जारी है। कांग्रेस और कई विपक्षी सांसदों ने एसआईआर पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव दिया, लेकिन लोकसभा अध्यक्ष नेता ने सभी को अस्वीकार कर दिया।

भाजपा सांसद दिनेश शर्मा ने एसआईआर पर विपक्ष के विरोध पर कहा, ये एसआईआर पर विरोध प्रदर्शन नहीं है ये बिहार में हार का विलाप दर्शन है। ये कांग्रेस का विलाप है और राजद तथा टीएमसी का विलाप है क्योंकि पहले बिहार को जीता है और अब बंगाल की बारी है तो बंगाल की जो बारी है उससे टीएमसी विचलित हैं। तमिलनाडु में डीएमके अपनी वास्तविकता और लोकप्रियता खो रहा है कांग्रेस पूरे देश में क्षेत्रीय पार्टियों से भी नीचे आ गई है। तो ये हताश लोगों का समूह बन गया है जो बहस नहीं नाटक करना चाहता है। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू के बयान विपक्ष सदन को न चलने देने के बहाने ढूंढता है पर कांग्रेस सांसद रेणुका चौधरी ने कहा, अरे तुम नालायक हो तो हम क्या करें, तुमको चलाना नहीं आता तो हम क्या करें? हम मुद्दा भी ना उठाएं?...हम सांसद हैं और लोगों की आवाज उठाना हमारा कर्तव्य है।

### प्रियंका गांधी ने संचार साथी ऐप को बताया 'जासूसी ऐप'



प्रियंका गांधी ने संचार साथी ऐप प्री-इंस्टॉल करने के डीओटी के निर्देशों पर कहा, यह एक जासूसी ऐप है। यह मज़ाकिया है। नागरिकों को प्राइवेसी का अधिकार है। साइबर सिक्योरिटी की जरूरत है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि यह आपको हर नागरिक के टेलीफ़ोन में जाने का बहाना दे। मुझे नहीं लगता कि कोई भी नागरिक खुश होगा। पार्लियामेंट इसलिए काम नहीं कर रही है क्योंकि सरकार किसी भी चीज पर बात करने से मना कर रही है।

### एप डिलीट कर सकते हैं : सिंधिया



केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा संचार साथी एप को डिलीट किया जा सकता है। यह एप वैसा ही होगा जैसे बाकी एप्स होते हैं। इस एप में रजिस्टर करने की भी जरूरत भी नहीं है। विपक्ष बेवजह इसे मुद्दा बना रही है। यह एप कंपनियों के जरिए अनिवार्य जरूर है लेकिन यह पूरी तरह यूजर पर निर्भर करता है कि वह इस एप को इस्तेमाल करना चाहता है या नहीं।

## कल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा वन-डे सीरिज



**रायपुर,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह स्टेडियम में 3 दिसंबर को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच वनडे सीरिज का दूसरा मुकाबला खेला जाएगा. रोहित शर्मा और विराट कोहली समेत भारतीय क्रिकेटर्स मंगलवार को नेट प्रैक्टिस करते नजर आएंगे. वहीं दक्षिण अफ्रिका के खिलाड़ी भी नेट में पसीना बहाएंगे। जानकारी के मुताबिक, सबसे पहले दक्षिण अफ्रीका की टीम दोपहर लगभग 12 बजे मीडिया से रूबरू होगी. इसके बाद दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक अभ्यास करेगी. वहीं टीम इंडिया की शाम 4 बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस होगी. इसके बाद शाम 5 बजे से 8 बजे तक भारतीय खिलाड़ी प्रैक्टिस करेंगे।

### आज किया प्रेक्टिस

3 दिसंबर को होने वाले वनडे मैच के लिए डीआईजी गिरजाशंकर जायसवाल को सुरक्षा प्रभारी बनाया गया है. 6 आईपीएस को अलग-अलग सेक्टर की सुरक्षा जिम्मेदारी दी गई है. खिलाड़ियों के होटल के चारों तरफ सशस्त्र जवान तैनात किए गए हैं. यातायात के 500 अधिकारियों और जवानों की ड्यूट लगाई गई है. रिसोर्ट से स्टेडियम और स्टेडियम से रिसोर्ट के पुरे रूट को सील किया गया है. करीब 1500 पुलिस-अधिकारी पूरी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं. इस बार रायपुर के स्टेडियम में पहली बार स्पाइडर कैमरा लगाया जा रहा है. ब्रॉडकास्टिंग टीम ने इसके लिए मैदान के बीचों-बीच स्पाइडर कैमरा स्थापित करना शुरू कर दिया है. इसके अलावा स्टेडियम में चारों ओर 40 अल्ट्रा-क्वालिटी कैमरे भी लगाए जाएंगे. साथ ही, स्टेडियम की बाउंड्री पर अधिकृत विज्ञापन बोर्ड लगाने का काम भी 1 दिसंबर से शुरू कर दिया गया है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### मंत्रालय नहीं देता एलआईसी को निवेश पर सलाह : सीतारमण

**नई दिल्ली,** 2 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। देश की सबसे बड़ी बीमा कंपनी एलआईसी इन दिनों अपने निवेश को लेकर सुर्खियों में है— खासकर अडाणी ग्रुप में किए गए निवेश को लेकर उठ रहे सवालों ने माहौल गर्म किया हुआ है। ऐसे में सोमवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में साफ शब्दों में कहा कि सरकार ख्रुष्ट को किसी भी प्रकार का निवेश संबंधी निर्देश या सलाह जारी नहीं करती।उन्होंने जोर देकर कहा कि ख्रुष्ट वही निवेश करती है, जो उसकी आंतरिक प्रक्रिया, जोखिम मूल्यांकन और फिड्यूशरी नियमों के तहत उपयुक्त माना जाता है।

### कार में आगजनी, सीसीटीवी में कैद हुआ बदमाश

**बालोद,** 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। बालोद से सर्व आदिवासी समाज की हमर राज पार्टी के जिला अध्यक्ष देवेंद्र साहू की कार में आगजनी का मामला सामने आया है. आगजनी में कार पूरी तरह जल गई है. वहीं एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसे घटना से जुड़ा हुआ बताया जा रहा है. वीडियो में घटना को अंजाम देने वाला बदमाश नजर आ रहा है. जानकारी के मुताबिक, पूरा मामाला बालोद कोतवाली थाना इलाके के बूढ़ापारा वार्ड का है. सामने आए वीडियो में एक व्यक्ति कार घर के भीतर झांकते हुए नजर आता है. फिर जैसे ही वह कार के पास जाता है, आग लगते नजर आती है.




चूहा- सुनती हो, संसद में एसआईआर पर घमासान चल रहा है..!

चुहिया- हां जी, बहुमत की सरकार है फिर भी चर्चा कराने से डरती है।

## अमित शाह 13 दिसम्बर को और जेपी नड्डा आ रहे 22 दिसंबर को छत्तीसगढ़



**रायपुर,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में इस महीने राजनीतिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का माहौल काफी गर्म रहने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा आगामी दिनों में प्रदेश का दौरा करेंगे। इस दौरे के दौरान वे बस्तर क्षेत्र में आयोजित होने वाले बस्तर ओलंपिक का समापन समारोह करेंगे। बस्तर ओलंपिक, जो कि राज्य के खेल और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रमुख आयोजन है, 2025 में स्थानीय खिलाड़ियों और प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया गया है। अमित शाह इस कार्यक्रम के समापन समारोह में शिरकत करेंगे और विजेताओं को पुरस्कार वितरण करेंगे। सूत्रों के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 13 दिसंबर को जागलपुर पहुंचेंगे। यह दौरा खास इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि उसी दिन राज्य सरकार को दो साल पूरे होने का जश्न मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री और राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी इस अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित करेंगे। दो साल पूरे होने के मौके पर राज्य सरकार द्वारा कई सांस्कृतिक, सामाजिक और विकासात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा भी शामिल होंगे और वे राज्य सरकार की उपलब्धियों और योजनाओं का जायजा लेंगे। वहीं, 22 दिसंबर को बस्तर और राज्य के अन्य हिस्सों में एक बड़ा आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से राज्य सरकार अपनी प्रमुख योजनाओं, जनकल्याणकारी कार्यक्रमों और दो साल की उपलब्धियों को प्रदर्शित करेगी। इस मौके पर अमित शाह और जेपी नड्डा के भाषण और उपस्थिती से कार्यक्रम में चार चांद लगने की संभावना है।

## हाईकोर्ट ने नाबालिग रेप पीड़िता को दी गर्भपात की अनुमति



बिलासपुर, 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ हाई कोर्ट ने एक अहम निर्णय देते हुए 21 सप्ताह की गर्भवती दुष्कर्म पीड़िता नाबालिग को गर्भ समाप्त करने की अनुमति दे दी, जिसमें सिंगल बेंच ने स्पष्ट कहा कि गर्भपात नाबालिग की व्यक्तिगत इच्छा है और उसके सम्मान व अधिकारों की रक्षा जरूरी है।

जस्टिस पार्थ प्रतिम साहू ने कहा, इसमें कोई विवाद नहीं है कि याचिकाकर्ता जबरन योन संबंध बलात्कार की शिकार है। वह गर्भपात कराना चाहती है, क्योंकि वह बलात्कारी के बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती। गर्भपात कराना उसका निजी फैसला है जिसका न्यायालय को सम्मान करना चाहिए क्योंकि यह उसकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता का एक पहलू है, जैसा कि सर्वोच्च न्यायालय ने सुचिता श्रीवास्तव (सुप्रा) मामले में कहा है। गर्भावस्था जारी रखने से उसके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर खतरा हो सकता है। सीएमएचओ और विशेषज्ञ डॉक्टरों की रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट ने माना कि अनचाहे गर्भ को बनाए रखना पीड़िता के शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य के अधिकार का उल्लंघन होगा, इसलिए मेडिकल टर्मिनेशन ऑफ प्रेग्नेंसी एक्ट की धारा 3 के तहत गर्भपात को मंजूरी देते हुए आदेश दिया कि पूरी प्रक्रिया विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम की निगरानी में कराई जाए।

## दो बाइकों में जबरदस्त भिड़ंत एक की मौत, दूसरा गंभीर

**बिलासपुर,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। न्यायधानी के सरकंडा थाना क्षेत्र में खमतराई अटल चौक के दो बाइकों के आमने-सामने टकराने से एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई है, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है। घायल को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया है, वहीं मृतक को पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुटी हुई है।



मिली जानकारी के मुताबिक, खमतराई की ओर जाने वाली बाइक और दूसरी तरफ से खमतराई की और से शहर की तरफ आ रही बाइक के बीच जबरदस्त भिड़ंत हुई। टक्कर इतनी खतरनाक थी कि एक बाइक सवार ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे स्थानीय लोगों की मदद से अस्पताल पहुंचाया गया। दोनों वाहनों की रफ्तार तेज होने की आशंका जताई जा रही है। हादसे के बाद सरकंडा थाना पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों बाइकों को जब्त कर जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अभी नहीं हो पाई है।

### चेकिंग के दौरान दो पिकअप में मिला बिना टोकन के धान

**सूरजपुर,** 2 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। प्रदेश में सरकारी समर्थन मूल्य पर अवैध धान खपाने का सिलसिला जारी है. इस कड़ी में वाहन चेकिंग के दौरान दो पिकअप से बिना टोकन वाला धान जब्त किया गया.

मामला बसदेई चौकी क्षेत्र का है. बसदेई चौक के पास नियमित चेकिंग के दौरान पुलिस को दो संदिग्ध पिकअप (छ्त्त 15 छ्ङ्ख 2026 और छ्त्त 29 स्न 3433) दिखाई दिए. रोककर जांच की गई तो दोनों वाहनों में बिना टोकन अवैध धान भरा मिला. मामले में दोनों गाड़ियों को मौके पर जब्त कर कार्रवाई के लिए अनुविभागीय दंडाधिकारी भैयाथान को सौंपा गया है.

## पांचवी पुण्यतिथि



### स्व. ललित सुरजन

(22 जुलाई 1946-2 दिसम्बर 2020)

*मीडिया के चरित्र को समझने की आवश्यकता है। उसकी शक्ति और सीमाओं को भी जान लेना जरूरी है। मीडिया का एक वर्ग निश्चित रूप से इतना समर्थ है कि किसी भी विषय का विस्तार से अध्ययन करना चाहे तो साधनों की कमी न पड़े, फिर भी वह ऐसा नहीं कर पाता। मीडिया का एक वर्ग वह भी है जो साधनों की कमी के कारण पीछे हट जाता है। तीसरी मुश्किल इस बात की है अब गंभीर पत्रकारिता करने के लिए जिस प्रशिक्षण तथा ध्येयनिष्ठता की जरूरत होती है वह लगभग नदारद है।*

***(किताब 'तुम कहां हो जॉनी वाकर' से, पृ.-20)*** ***02.07.2009***

देशबन्धु एवं हाईवे चैनल परिवार

पुण्य स्मरण करता है

## मैत्रीबाग जू में सफेद बाघिन 'जया' की संदिग्ध मौत, संरक्षण केंद्र में शोक



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। भिलाई स्थित मैत्रीबाग जू से शनिवार सुबह एक दुखद घटना सामने आई है, जहां सफेद बाघों के कुनबे की अहम सदस्य 10 वर्षीय सफेद बाघिन 'जया' अपने केज में संदिग्ध परिस्थितियों में मृत पाई गई। सुबह की नियमित गश्त के दौरान जब जू कर्मचारियों ने बाघिन को निष्क्रिय देखा, तो इसकी जानकारी तत्काल ही वरिष्ठ अधिकारियों और वन विभाग को दी। मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने जया की मौत की पुष्टि की। घटना के बाद दोपहर में डीएफओ की उपस्थिति में विशेषज्ञ टीम द्वारा पोस्टमार्टम कराया गया। नियमों के तहत जांच पूरी होने के बाद बाघिन का अंतिम संस्कार मैत्रीबाग परिसर के भीतर ही किया गया।

प्रारंभिक जांच में अनुमान लगाया जा रहा है कि जया की मौत गंभीर पेट संक्रमण के कारण हुई हो सकती है। हालांकि जू प्रबंधन और वन विभाग का कहना है कि वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा। जानकारों का कहना है कि सफेद बाघ सामान्य बाघों की तुलना में अधिक संवेदनशील, कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले होते हैं और उन्हें मौसम परिवर्तन के दौरान अतिरिक्त देखभाल की आवश्यकता होती है। ठंड बढ़ने के बाद जू प्रशासन ने उनकी देखभाल के लिए डाइट में बदलाव और केज के आसपास अलाव जलाने जैसे कदम उठाए थे, लेकिन इससे कितना असर हुआ, यह जांच का विषय है। मैत्रीबाग देश के प्रमुख व्हाइट टाइगर संरक्षण केंद्रों में गिना जाता है। यहां सफेद बाघों का इतिहास 1990 से शुरू होता है, जब ओडिशा के नंदनकानन जू से सफेद बाघों की पहली जोड़ी यहां लाई गई थी। इसके बाद वर्षों में उनकी संख्या बढ़ती गई और कभी यहां 19 तक सफेद बाघ मौजूद थे। मैत्रीबाग से व्हाइट टाइगर गुजरात, उत्तर प्रदेश, झारखंड, मध्यप्रदेश और रायपुर तक भेजे जा चुके हैं। भिलाई का यह जू देशभर में सफेद बाघों के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता रहा है।

करीब डेढ़ साल पहले रायपुर जंगल सफारी से मैत्रीबाग लाई गई बाघिन जया की अचानक मौत से जू परिसर में शोक का माहौल है। जया अपने कुनबे की सक्रिय और महत्वपूर्ण सदस्य थी। उसके निधन के बाद अब मैत्रीबाग में सफेद बाघों की संख्या घटकर सिर्फ 5 रह गई है, जो विशेषज्ञों के अनुसार संरक्षण कार्यक्रम के लिए चिंता का विषय है। वन विभाग ने मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है ताकि मौत का सटीक कारण सामने आ सके और भविष्य में सफेद बाघों की सुरक्षा व स्वास्थ्य प्रबंधन को और बेहतर किया जा सके। जया की मौत ने फिर एक बार यह सवाल खड़ा कर दिया है कि संवेदनशील प्रजातियों के संरक्षण में जू संस्थानों को और कितनी सख्त व वैज्ञानिक व्यवस्थाएं अपनानी होंगी।

CMYK